दो कोविड देखभाल केंद्र बनायेगी मुंबई मेट्रो निगम

मुंबई मेट्रो रेल निगम (एमएमआरसीएल) शहर में कोरोनो वायरस के संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर दो कोविड देखभाल केंद्र बना रही है। कंपनी ने रविवार को इसकी जानकारी दी। एमएमआरसीएल ने एक बयान में कहा कि वह दो कोविड देखभाल केंद्र बना रही है, जिनमें कुल 1,050 बिस्तर होंगे। उसने बयान में कहा, ''200 ऑक्सीजन युक्त बिस्तरों सहित लगभग 800 बिस्तरों वाला एक पृथक केंद्र दहिसर में बनाया जायेगा। इसके अलावा बोरिवली में 250 बिस्तरों वाला एक अन्य केंद्र बनाया जायेगा, जिसमें आईसीयू और डायलिसिस जैसी सुविधायें भी होंगी।''उसने कहा कि काम युद्धस्तर पर पूरा हो रहा है और अगले 2 सप्ताह में दोनों केंद्रों के तैयार हो जाने के अनुमान हैं। महाराष्ट्र में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक 50,231 मामले दर्ज किये गये हैं जबकि इसके कारण राज्य में 1,635 लोगों की मौत हो चुकी है।